कार्यालयः– उ0 प्र0 लोक सेवा आयोग
संख्या–02/11/अति–5/2023–2024
प्रयागराजः दिनांकः– 25 दिसम्बर 2024

## विज्ञप्ति

सम्मिलित राज्य/प्रवर अधीनस्थ सेवा (प्र0) परीक्षा–2024 जो दिनांक 22 दिसम्बर 2024 को आयोजित की गयी थी, से सम्बन्धित वस्तुनिष्ठ प्रकारक सामान्य अध्ययन प्रथम व सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्नपत्र से संबंधित प्रश्नपत्रों को स्कैन कर प्रश्न एवं उनके उत्तर आयोग की वेबसाइट– https://uppsc.up.nic.in पर दिनांक 30 दिसम्बर 2024 तक उपलब्ध है। प्रश्नपत्रों के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर को हाईलाइट व अण्डरलाईन (आयताकार खाने में) कर दिया गया है। **अभ्यर्थीगण आयोग द्वारा जारी सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्नपत्र हेतु प्रश्न–पुस्तिका बार–कोड कम सं0–2052153 एवं सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्नपत्र हेतु प्रश्न–पुस्तिका बार–कोड कंम सं0–3052009 जिसमें सही उत्तरों को आयताकार खाने में किया गया है, के आधार पर अपने उत्तरों का मिलान कर लें। यदि आयोग द्वारा जारी प्रश्नोत्तरों के सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो प्रथम प्रश्नपत्र हेतु बार–कोड कम सं0–2052153 एवं द्वितीय प्रश्नपत्र हेतु बार–कोड कम सं0–3052009 की जारी प्रश्न–पुस्तिका के प्रश्नों की कम संख्या एवं उसी के अनुसार सही विकल्पों का उल्लेख करते हुए निर्धारित प्रारूप पर पूरा प्रश्न लिखेंगे तथा आयोग द्वारा जारी उत्तर एवं आपत्ति के रूप में प्रस्तावित उत्तर लिखेंगे।**

अतः इस सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि वे आयोग द्वारा उक्त वेबसाइट पर प्रदर्शित प्रश्नों एवं उनके उत्तरों को देख लें और यदि उन्हें प्रश्नोत्तरों में कोई विसंगति प्रतीत होती है तो इस सम्बन्ध में अपना प्रत्यावेदन /आपत्ति (संगत साक्ष्य सहित–नीचे दिये गये प्रारूप पर) **जारी प्रश्न पुस्तिका के आधार पर प्रश्न व विकल्प** के रूप में अनिवार्यतः सामान्य अध्ययन प्रथम प्रश्नपत्र (प्रश्न सं0–01 से 150 तक ) व सामान्य अध्ययन द्वितीय प्रश्नपत्र (प्रश्न सं0–01 से 100 तक ) हेतु **अलग–अलग प्रत्यावेदन (जो एक साथ स्टेपल न हों), आयोग को एक ही बन्द लिफाफे में**, जो परीक्षा नियंत्रक, अतिगोपन–5 अनुभाग, उ0प्र0 लोक सेवा आयोग, प्रयागराज–211018 को सम्बोधित हो, डाक द्वारा अथवा आयोग के काउन्टर पर, दिनांक **31 दिसम्बर, 2024 के सायं 05.00 बजे तक** किसी भी कार्यदिवस में उपलब्ध करा सकते हैं। बिना साक्ष्य के/अपठनीय व असंगत साक्ष्य युक्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त प्रत्यावेदनों को स्वीकार नहीं किया जायेगा।

**नोटः– आयोग द्वारा जारी प्रश्न–पुस्तिका बार–कोड कम सं0–2052153 एवं कम सं0–3052009 में अंकित प्रश्न–संख्या एवं विकल्प के अनुसार ही आपत्ति दें।**

### प्रारूप

1–अभ्यर्थी का नाम.................................................
2–अनुकमांक.......................................................
3–परीक्षा का नाम.................................................
4–विषय का नाम...................................................

| क0सं0 | जारी प्रश्न पुस्तिका बारकोड कम सं0———के अनुसार प्रश्न संख्या व प्रश्न | जरी प्रश्न पुस्तिका बारकोड कम सं0——— के अनुसार आयोग का उत्तर (विकल्प व लिखित उत्तर) | जरी प्रश्न पुस्तिका बारकोड कसं0——— के अनुसार प्रत्यावेदक का उत्तर (विकल्प व लिखित उत्तर) | साक्ष्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |

अभ्यर्थी का हस्ताक्षर.................................................

(हर्ष देव पाण्डेय)
परीक्षा नियंत्रक।

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1–मा0 अध्यक्ष के निजी सचिव ग्रेड–1 को मा0 अध्यक्ष के अवलोकनार्थ।